सत्यमेव जयते

NATIONAL HEALTH MISSION

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# जन्म सहायक को सशक्त करना

# सीखने के उद्देश्य

इस सत्र के अन्त तक प्रतिभागी यह सब कार्य कर पायेंगे:

- प्रसव के समय महिला के साथ जन्म सहायक (बर्थ कम्पैनियन) को साथ रखने के महत्व एवं फायदे को बता सकेंगे।
- जन्म सहायक की भूमिका पर चर्चा कर सकेंगे।
- प्रसव के समय ख़तरे के लक्षणों को सूची बना पायेंगे।

# उस हस्तक्षेप को पहचाने जिससे इन परिणामों में नाटकीय अंतर आया है

प्रसव के समय भावनात्मक सहारा

| | |
|---|---|
| **प्रसव के समय ऐनलजेसिया/ऐनस्थीसिया का उपयोग** | **21% कमी** |
| प्रोलोंग्ड लेबर | **95% कमी** |
| एपीज़ीयोट्मी की आवश्यकता | **44% कमी** |
| सिज़ेरियन सैक्शन | **20% कमी** |
| अस्पताल में नवजात का लंबे समय तक भर्ती रहना | **39% कमी** |
| नवजात का ''नवजात देखभाल इकाई'' में भर्ती होना | **13% कमी** |
| नवजात में सेप्सिस | **55% कमी** |
| प्रसव के दौरान तनाव और घबराहट | **20% कमी** |
| छठे हफ्ते पर गंभीर प्रसवोत्तर डिप्रेशन | **97% कमी** |

# प्रसव प्रक्रिया में जन्म सहायक की भूमिका

- जन्म सहायक वे हैं जो प्रसव के समय और प्रसव के तुरन्त बाद महिला के साथ रहेंगे।
- माता को भावनात्मक सहारा प्रदान करेंगे।
- ख़तरे के लक्षणों की जल्द पहचान कर सेवा प्रदाता को सूचित करेंगे।
- बुनियादी देखभाल क्रियाएँ जैसे कि प्रसव के समय माँ के हाइड्रेशन का ख़्याल रखना, शिशु को ढक कर रखना, स्तनपान को जल्द शुरू कराना, इत्यादि में सहायता करेंगे।

अगर जन्म सहायक को प्रसव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देकर सही प्रकार से सशक्त किया जाए तो वे देखभाल से जुड़े प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण साथी साबित होते हैं।

सत्यमेव जयते

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

# जन्म सहायक को क्या जानकारी होनी चाहिए

| माँ के ख़तरे के लक्षण | शिशु के ख़तरे के लक्षण | परामर्श |
|---|---|---|
| अत्यधिक रक्तस्त्राव | साँस लेने में तकलीफ/तेज़ साँस चलना | प्रसव पीड़ा को सहने में सहायता देना |
| पेट में बहुत तेज़ दर्द | बुख़ार | शिशु को नहीं नहलाना और तेल नहीं लगाना |
| स्तनपान में तकलीफ | असामान्य रूप से ठंडा पड़ना | शिशु को ऊपरी आहार नहीं देना |
| तेज़ सिरदर्द या आँखों में धुंधलापन | ठीक से स्तनपान न कर सकना | आधे घण्टे के अन्दर स्तनपान शुरू करना |
| ज़ोर लगाने की इच्छा | सामान्य से कम गतिविधि | शिशु को कपड़े पहनाना और लपेटना |
| हर दो घंटे में ब्लैडर खाली न कर पाना | पूरे शरीर का पीला पड़ना | |
| बुखार या ठंड लगना | | |
| बदबूदार रक्तस्त्राव | | |

# मुख्य संदेश

- साक्ष्य ये संकेत देते हैं कि अगर जन्म सहायक को प्रसव प्रक्रिया से संबंधित सही जानकारी देकर सक्षम बनाया जाए तो वे देखभाल से जुड़े प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण साथी साबित होते हैं।
- जन्म सहायक प्रसव की बिना रूकावट प्रगति और महिला द्वारा बेहतर सहयोग और परिणाम के लिए तथा महिला को भावनात्मक एवं शारीरिक सहयोग प्रदान करने में सहायक होते हैं।